# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 3 जून, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### शिअद यूथ विंग के संगठनात्मक सचिव गुरसेवक धूहड़ ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी



**पातड़ां :** हलका शुतराणा की पूर्व एमएलए वनिंदर कौर लूंबा के सियासी सचिव एवं शिअद यूथ विंग के संगठनात्मक सचिव गुरसेवक सिंह धूहड़ ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गुरसेवक सिंह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। बीती रात उन्होंने अपने आप को गोली मारली।

### निर्जला एकादशी पर आश्रय होम के दिव्यांग बच्चों को दी पैकेटबंद लस्सी

**चण्डीगढ़ :** मंगलवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर समाजसेवी संस्था ऑन फेथ फॉउंडेशन, कनाडा के ग्लोबल अध्यक्ष व सुखमयी सेवा समिति, चण्डीगढ़ के संचालक पं. वरिंदर भटारा ने वार्ड नं. 22 के पार्षद व पूर्व मेयर देवेश मोदगिल के साथ सेक्टर-47 स्थित आश्रय होम में दिव्यांग बच्चों के लिए वार्डन को मीठी व नमकीन लस्सी के पैकेट सौंपे।

**मोदी कैबिनेट ने 2 अध्यादेशों को दी मंजूरी**

### किसानों के लिए लागू होगी 'एक देश एक बाजार' की नीति



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दो अध्यादेशों को मंजूरी दी गई है। इसके तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम, APAC अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी गई है। अब किसान सीधे अपनी फसलें बेच सकेंगे और देश में किसानों के लिए एक देश एक बाजार होगा।

### पुलवामा में जैश के 3 आतंकियों को किया ढेर- गोला-बारूद बरामद

**जम्मू :** बुधवार को भारतीय सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के कंगन इलाके में आज सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किए हैं।

## अयोध्या के संतों का बड़ा ऐलान, प्रस्तावित मॉडल पर ही बनेगा श्री राम मंदिर

**डेली संवाद, अयोध्या**

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती बुधवार को अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो मॉडल प्रस्तावित है और जिसका प्रचार पूरे देश में हो चुका है। मंदिर उसी अधार पर बनेगा। बुधवार को वासुदेवानंद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वह राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात की और उन्हें जन्मदिवस की बधाई देने आए थे। उन्होंने कहा कि जिस मॉडल को पूरे भारत की जनता ने स्वीकार किया, पूजन किया है और सवा सवा रुपया मंदिर निर्माण के लिए अपना योगदान दिया है उसी मॉडल के अनुसार मंदिर बनेगा। संगमरमर



पत्थर है कहां। मंदिर की ऊंचाई को लेकर सवाल उठाने वाले कौन हैं, उन्हें मैं जानता ही नहीं। मंदिर की ऊंचाई बढ़ाने को लेकर छिड़ी बहस के सवाल पर उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा मंदिर बने, लेकिन राम मंदिर परिसर को अति भव्यतम रूप प्रदान किया जाएगा। राम मंदिर की ऊंचाई को लेकर प्रश्न खड़ा करने वालों पर उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी महत्वाकांक्षा पर नियंत्रण रखना चाहिए। केवल मंदिर की ऊंचाई से मंदिर की भव्यता नहीं होगी। उसमें राम लला विराजमान होने के बाद भव्यता आएगी। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर को लेकर हलचल तेज हो गई है। मांग की जा रही है कि रामजन्मभूमि क्षेत्र में बनने वाले मंदिर के शिखर की ऊंचाई 1111 फीट ऊंची रखी जाए। इस संबंध में पूर्व सांसद रामविलास वेदांती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई लोगों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने देश-विदेश के अनेक मठ-मंदिरों की भव्यता और ऊंचाई का हवाला देते हुए गुजारिश की है कि रामलला के भव्य मंदिर के शिखर की ऊंचाई 1111 फीट ऊंची हो।

## भारत में कोरोना से 1 लाख से ज्यादा लोगों ने जीती जंग, 24 घंटे में आए 8,909 नए पॉजिटिव केस-217 की मौत

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मामलों में जहां एक तरफ हर आए दिन बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ इस महामारी को मात देने वालों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 8,909 नए मामले सामने आए हैं और 217 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 2,07,615 हो गई है, जिनमें से 1,01,497 सक्रिय मामले हैं जबकि 1,00,303 लोग ठीक हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और अब तक 5,815 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इस वैश्विक महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में इसके संक्रमण से 1.06 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है और अब तक 18 लाख से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं।

- **महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस की सबसे अधिक तबाही देखने को मिल रही है। महाराष्ट्र में कोविड-19 के कुल 72300 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। इनमें से 31333 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। 2465 लोगों की जान जा चुकी है।
- **दिल्ली :** दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार बढ़ते ही जा रही है। राजधानी में कोरोना वायरस के अब तक 22132 मामले आ चुके हैं। कोविड-19 महामारी से जहां 556 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 9243 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।
- **गुजरात :** गुजरात में कोरोना के 17617 मामले अब तक आए हैं, जिनमें 1092 लोगों की मौत हो चुकी है और 11894 लोग या तो स्वस्थ हो चुके हैं या फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।
- **मध्य प्रदेश :** मध्य प्रदेश भी कोरोना वायरस का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां कोरोना के मामलों की संख्या बढ़कर 8420 हो गई है, जिनमें से 364 लोगों की मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा, 5221 लोग ठीक हो चुके हैं।
- **तमिलनाडु :** तमिलनाडु में भी कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या 24586 हो चुकी है। यहां इस महामारी से 197 की मौत भी हो चुकी है और 13706 पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं।
- **आंध्र प्रदेश :** आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के अब तक 3898 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 2421 लोगों का इलाज हो गया है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यहां 64 की मौत भी हुई है।
- **बिहार :** कोरोना वायरस के बिहार में अब तक 4155 मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि, बिहार में कोरोना वायरस से 24 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 1946 लोग ठीक हो चुके हैं।
- **उत्तर प्रदेश :** यूपी में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तक यहां 8361 केस आ चुके हैं। हालांकि, इनमें से 5030 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं और 222 लोगों की मौत हो चुकी है।
- **राजस्थान :** राजस्थान में भी कोरोना के मामलो में काफी तेजी देखी जा रही है। यहां कोरोना वायरस के अब तक 9373 मामले सामने आ चुके हैं।

### जालंधर के व्यक्ति की कोरोना से लुधियाना में मौत

**जालंधर :** लुधियाना में कोरोना वायरस से पीड़ित एक और मरीज की मौत हो गई है। ये व्यक्ति जालंधर का रहने वाला था। उक्त मरीज की मौत डीएमसी लुधियाना जालंधर में हुई है। मरीज की उम्र 64 साल थी और वह शूगर का रोगी था। इसी कारण वह कोरोना की चपेट में आ गया था। जालंधर में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है।

**मुंबई में तूफान का कहर**

## समुद्र में जहाज फंसा-तेज हवाओं से हिलीं इमारतें, उखड़े पेड़



**डेली संवाद, मुंबई**

चक्रवाती तूफान निसर्ग महाराष्ट्र के तटीय इलाकों से आज टकरा गया। ये तूफान मुंबई में अलीबाग के तट से टकराया। तूफान 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से टकराया और मुंबई के अधिकतर इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।?तूफान के लैंडफॉल को पूरा होने में करीब 3 घंटे लगेंगे। इसी के साथ समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं। तेज हवाओं की वजह से कहीं पेड़ उखड़ रहे हैं तो कहीं पर छतें हिल रही हैं। समुद्र में तेज लहरों के चलते रत्नागिरी में जहाज फंस गया। चक्रवात निसर्ग के मद्देनजर गोवा में मिरामार बीच पर तेज हवाओं और ज्वार ने दस्तक दे दी है। तूफान के मद्देनजर लोगों को सलाह दी गई कि कार से निकलें तो उसमें हथौड़ी या कोई भारी औजार रखें, ताकि पानी में फंसकर कार का सेंट्रल लॉक जाम हो जाए तो कांच तोडकर बाहर निकला जा सके। तूफान से पहले महाराष्ट्र के पालघर जिले के गांवों से 21 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जिले

### लोगों को बीएमसी की क्या करने की सलाह

- जरूरी कागज़ातों और आभूषणों को प्लास्टिक बैग में रखें।
- बैटरी से चलने वाले उपकरणों के साथ रिजर्व पावर सिस्टम का नियमित निरीक्षण।
- टीवी और रेडियो पर आधिकारिक निर्देशों पर ध्यान दें।
- आपात स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों का अभ्यास करें।
- यदि आप मिट्टी के घर / झोपड़ी में नहीं रहते हैं, तो घर के एक हिस्से को आपातकालीन आश्रय के रूप में चुनें और घर के सदस्य चक्रवात के दौरान उस जगह का उपयोग कैसे करेंगे इसका अभ्यास करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें।
- खिड़कियों से दूर रहें। कुछ खिड़कियां बंद करें और कुछ खुली रखें ताकि दबाव बना रहे।
- कमरे के केंद्र में रहें। कमरे के कोनों से दूर रहें क्योंकि अक्सर कोनों में मलबा जमा हो जाता है।

## पंजाब सरकार ने एसोसिएटेड स्कूलों को दी बड़ी राहत, अकादमिक वर्ष की हुई वृद्धि : शिक्षा मंत्री

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब के एसोसिएटेड स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों, स्टाफ और प्रबंधकों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए पंजाब सरकार ने ऐसे 2200 स्कूलों को एक और अकादमिक वर्ष 2020-21 के लिए वृद्धि देने का फ़ैसला किया है। इस सम्बन्धी और ज़्यादा जानकारी देते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री विजय इंदर सिंगला ने बताया कि पंजाब में कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुए हालातों के मद्देनज़र शिक्षा विभाग द्वारा संबद्ध स्कूलों को थोड़े समय के लिए यह राहत दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने इस प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। कैबिनेट मंत्री ने



कहा कि इस वृद्धि के दौरान सभी स्कूलों को विद्यार्थियों की सुरक्षा को यकीनी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि चाहे एसोसिएटेड स्कूलों को यह वृद्धि 31 मार्च, 2021 तक दी गई है परन्तु इन स्कूलों को 31 दिसंबर, 2020 तक बुनियादी ढांचे में ज़रुरी सुधार के लिए हलफ़नामा दायर करना होगा। ऐसा न कर सकने वाले स्कूल अगले अकादमिक वर्ष से 3 साल से लेकर 6 साल तक के बच्चों की पढ़ाई के लिए प्री-प्राईमरी कक्षाएं ही जारी रख सकेंगे। विजय इंदर सिंगला ने बताया कि कोरोना वायरस फैलने के कारण पैदा हुए हालातों के मद्देनज़र शिक्षा विभाग द्वारा संबद्ध स्कूलों का मसला गंभीरता से विचारा गया है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर, 2020 के बाद हालात पर फिर विचार किया जाएगा और जो स्कूल निर्धारित मापदंड पूरे नहीं करेंगे, उनको अगले सत्र से सिर्फ प्री-प्राईमरी कक्षाएं जारी रखने की इजाज़त होगी। शिक्षा मंत्री सिंगला ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## जालंधर में अवैध निर्माणों पर चली डिच, निगम टीम का विरोध

**डेली संवाद, जालंधर**

कोरोना संकट के दौरान लॉकडाउन में हुए अवैध निर्माण पर नगर निगम ने दफ्तर खुलते ही एक्शन लेना शुरू कर दिया है। बुधवार सुबह निगम की टीम ने कई इलाके में डिच चलाई। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक चरणजीतपुरा में अवैध निर्माण पर डिच चला कर धवस्त कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध रूप से दुकानें बनाई जा रही थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध निर्माण को लेकर दुकान मालिक को कई बार नोटिस जारी किया गया था परन्तु निर्माण लगातार जारी था। निगम कमिश्नर के आदेश पर आज उक्त निर्माण को गिरा दिया गया।



## 69000 शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट ने अगली तारीख तक लगाई रोक

**डेली संवाद, जालंधर**

उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षकों की भर्ती का मामला फिर अटक गया है। लखनऊ हाईकोर्ट ने आज इस मामले में सुनवाई करते हुए 69000 शिक्षक भर्ती पर अगली तारीख तक रोक लगा दी है। जस्टिस आलोक माथुर ने विवादित सवालों पर विशेषज्ञ समिति को अगली तारीख तक तटस्थ राय देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी, तब तक परीक्षा परिणाम व रिजल्ट पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। याचियों के वरिष्ठ अधिवक्ता एच जी एस परिहार व मीनाक्षी परिहार के मुताबिक कोर्ट ने विवादित सवालों को यूजीसी की विशेषज्ञों समिति को भेजकर



रिपोर्ट मांगी है।

ऋषभ मिश्र व अन्य अभ्यर्थियों की ढाई दर्जन याचिकाओं पर जस्टिस आलोक माथुर ने आज अहम आदेश दिया है। याचिका में छह विवादित प्रश्नों के जवाब को चुनौती दी गई थी। गौरतलब है कि आज कई जिलों में इस भर्ती परीक्षा की काउंसिलिंग थी, जिसे रोक दिया गया है। काउंसिलिंग कराने आए अभ्यर्थियों से उनके हस्ताक्षर लेकर उन्हें वापस जाने को कहा जा रहा है। बताया जा रहा कि शिक्षक भर्ती रिजल्ट जारी होने के बाद से ही विभाग छात्रों द्वारा जारी दर्जनों याचिकाओं का जवाब लगाने में ही व्यस्त है। जानकारी के अनुसार जिस प्रश्न पर सबसे ज्यादा विवाद है वो नाथ सम्प्रदाय के प्रवर्तक से जुड़ा है। विषय विशेषज्ञों ने नाथ सम्प्रदाय का प्रवर्तक मत्स्येन्द्रनाथ को माना है जबकि अभ्यर्थी साक्ष्यों के साथ गोरखनाथ सही जवाब बता रहे हैं। सिर्फ यही नहीं भारत में गरीबी का आकलन कैसे या किस आधार पर किया जाता है इन जैसे कई प्रश्न हैं जिन पर विवाद है और अभ्यर्थियों ने इनके लिए याचिका डाली है।

## पंजाब के लुधियाना में 2 किलो सोना लूटने वाला युवक निकला खालिस्तानी आतंकी

**डेली संवाद, चंडीगढ़।**

लुधियाना की घुमार मंडी में हुई 2 किलो सोने की डकैती के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संगठित क्राइम कंट्रोल यूनिट (ओकू) की टीम ने एसएएस नगर (मोहाली) से आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान खालिस्तान आतंकी व गैंगस्टर तेजिन्दर सिंह उर्फ तेजा उर्फ जुझार सिंह, निवासी महदपुर, थाना बलाचौर (नवांशहर) के तौर पर हुई है। तेजिन्दर से पंजाब पुलिस की वर्दी का एक सैट, केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आते सीमा सुरक्षा बल का एक आईडी कार्ड के अलावा एक 30 बोर की चीनी पिस्तौल, 10 कारतूस और एक शैवर्ले आप्ट्रा कार बरामद हुई है। तेजा पर हत्या व हत्या की कोशिश समेत 25 मामले दर्ज हैं। वह जनवरी, 2020 में खरड़ से टोयोटा फॉर्चूनर छीनने की एक घटना में मुख्य आरोपी था।

### खालिस्तानी एजेंडे के तहत हत्याओं के लिए जुटा रहा था फंड

जांच में खुलासा हुआ है कि उसने गिरफ्तारी से बचने को नकली आधार कार्ड, नोएडा (यूपी) से ड्राइविंग लाइसेंस भी तैयार किए थे। भागते समय वह दिल्ली, राजस्थान, यूपी व हरियाणा में छिपा। नवांशहर में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून और संबन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। डीजीपी दिनकर गुप्ता ने बताया कि यह घटना महज एक लूट भर नहीं थी बल्कि डकैती का मुख्य सरगना खालिस्तान समर्थक एजंडे के हिस्से के तौर पर सुनियोजित कत्ल को अंजाम देने के लिए फंड एकत्रित करने की योजना बना रहा था। पूछताछ में उसने माना है कि वह कट्टरपंथी था और उसे कुछ कट्टर आतंकवादियों ने सुनियोजित कत्ल करने के लिए प्रेरित किया था जिन्हें वह अलग-अलग जेलों में कैद के दौरान मिला था।



### गनपॉइंट पर लूटा था सोना

29 जनवरी की दोपहर को आरोपी फार्च्यूनर गाड़ी में तेजा अपने साथी विष्णु अन्य को लेकर घुमारमंडी पहुंचा था। जहां उन्होंने मालिक विजय कुमार और उनके नौकर नीरज को बंधक बनाकर गनप्वाइंट पर ले लिया था। जिसके बाद उनकी दुकान से दो किलो के करीब सोना लूटकर ले गए थे। उक्त मामले में एक आरोपी विष्णु को खन्ना पुलिस ने एक हफ्ता पहले गिरफ्तार किया था। सूत्र बताते है कि उसकी ही सूचना पर ओकू टीम तेजा तक पहुंची थी।

### कैश वैन लूटने की थी योजना

पूछताछ के दौरान तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा ने यह भी खुलासा किया कि वह और उसका नज़दीकी साथी रछपाल सिंह उर्फ दोला निवासी गांव भुच्चर कलां (तरनतारन) मोड़ और तलवंडी साबो में एसबीआई की मुख्य शाखाओं से करंसी लेने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक बैंक कैश वैन को लूटने की योजना बना रहे थे। इस संबंधी रेकी भी कर ली थी।

**नई खेप का कर रहा था इंतजार**

दिसंबर, 2019 में जेल से रिहा होने के बाद उसने रछपाल सिंह उर्फ दोला, के साथ मिलकर सरहद पार से अत्याधुनिक हथियार प्राप्त किये। वह अब जिला तरनतारन में कत्ल के एक ताज़ा मामले में फरार था। डीजीपी ने कहा कि वह ऑटोमैटिक हथियारों/नशे की नई खेप की भी इंतजार कर रहे थे।








